कागा राम जी से राम राम कहना | by Mukesh Kumar

कागा ओ मेरे कागा
मेरे राम जी से राम राम कहना
जाके मेरा संदेसा तुम देना

कहना एक दास तुम्हारा ताके है राह तुम्हारी
आकर प्रभु आन उबारो कब लोगे खबर हमारी
चरणों में प्रभु के मेरा ये संदेसा तुम दे आना
मेरे राम जी से राम राम कहना
कागा ओ मेरे कागा ....

शबरी के बेर भी खाये अहिल्या को भी तारा
केवट की नाव चढ़े तुम सबको प्रभु भव से तारा
कहना जाके कहना प्रभु देने दरस आ जानो
मेरे राम जी से राम राम कहना
कागा ओ मेरे कागा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a4%be-by/